# यहां जरूरत, पर नहीं लगाए स्पीड ब्रेकर

तेज रफ्तार के कारण पॉवर हाउस रोड पर हुई मौत के बाद भी रफ्तार पर नहीं लग रही लगाम

## जिम्मेदार बोले–जहां से डिमांड आती है वहां लगाते हैं स्पीड ब्रेकर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पॉवर हाउस रोड पर पिछले दिनों हुई दुर्घटना के बाद ट्रैफिक पुलिस ने पॉवर हाउस रोड फोरलेन पर तो स्पीड को कंट्रोल करने के लिए स्पीड ब्रेकर लगा दिए। लेकिन ट्रैफिक पुलिस का ध्यान शहर की अन्य सड़कों और चौराहों पर नहीं है। जबकि अन्य चौराहों पर भी तेज रफ्तार में वाहन निकल रहे हैं। इससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। पिछले हफ्ते लोकेंद्र टॉकीज चौराहा पर तेज रफ्तार के कारण कार और टू व्हीलर में भिड़त हो गई। इसकी वजह भी तेज रफ्तार रही। यहां पर निरंतर हादसे का डर है। इधर ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि जहां-जहां जरूरत है। वहां जल्द ही स्पीड ब्रेकर लगाए जाएंगे।

**कहां क्या स्थिति :** शहर के प्रमुख स्थलों पर स्पीड ब्रेकर लगाने में हो रही अनदेखी, यातायात के दबाव से हादसे का डर



लोकेंद्र टॉकीज चौराहा पर सीमेंट कांक्रीट की सड़क का निर्माण अभी हुआ है। यहां चौराहा होने के बाद भी तेज रफ्तार से वाहन गुजर रहे हैं। इससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।



सज्जन मिल फोरलेन कस्तूरबा नगर तिराहा पर स्पीड ब्रेकर नहीं है। इससे कस्तूरबा नगर मैन रोड से जब वाहन चालक सज्जन मिल रोड पर आते हैं तो हादसे का खतरा बना रहता है। इससे यहां भी दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### इन रोड पर है स्पीड ब्रेकर की जरूरत

लोकेंद्र टॉकीज चौराहा, छत्रीपुल, सज्जन मिल रोड कस्तूरबा नगर की तरफ, हाट रोड राजेंद्रनगर मोड की तरफ, फव्वारा चौक, दिल बहार चौराहा, गणेश देवरी, बाजना बस स्टैंड, पैलेस रोड।

### स्पीड ब्रेकर लगाने का काम नगर निगम का है, पत्र लिखा है

ट्रैफिक टीआई आर कटारा ने बताया कि स्पीड ब्रेकर लगाने का काम नगर निगम का है। जिस रोड पर स्पीड ब्रेकर की जरूरत होती है या जहां से लोगों की डिमांड आती है। वहां स्पीड ब्रेकर लगाने के लिए हम नगर निगम को पत्र लिखते हैं। इससे वे इसे लगवाते हैं। लोकेंद्र टॉकीज सहित अन्य चौराहों पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाएंगे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार— नईदुनिया पृष्ठ 09 दिनांक 17/02/2021

नईदुनिया

# स्थापना दिवस पर खुशियों का इजहार, रैली में गूंजा जय रतलाम

## महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बांटी मिठाई, आतिशबाजी भी की, रैली मार्ग पर तोप से फूलों की वर्षा की

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। ऋतुराज बसंत के आगाज पर मंगलवार को रतलाम का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। रत्नपुरी स्थापना समिति द्वारा जय रतलाम के उद्घोष व गीत के साथ वाहन रैली निकाली गई। रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा नगर निगम चौराहा स्थित रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिठाई का वितरण किया गया। आतिशबाजी कर रतलाम स्थापना दिवस की खुशियों का इजहार किया गया। 'उधर, शिक्षण संस्थाओं और अन्य स्थानों पर वीणा वादिनी ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई।

रत्नपुरी स्थापना समिति द्वारा वसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस पर संरक्षक व पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी के नेतृत्व में सुबह महलवाड़ा से वाहन रैली निकाली गई। जय रतलाम... जय-जय रतलाम के उद्घोष/गीत के साथ रैली महलवाड़ा से



रतलाम स्थापना दिवस पर रत्नपुरी स्थापना समिति द्वारा निकाली गई वाहन रैली। • नईदुनिया



चैतन्य काश्यप ने कहा कि रतलाम के प्रत्येक झुग्गीवासी व आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना

## रतलाम स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया

# स्वच्छ सुंदर एवं विकसित नगर बनाने के लिए सदैव तैयार रहें - कोठारी





### वाहन रैली निकली, राजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया


रतलाम ● स्वदेश समाचार

रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति के तत्वावधान में वसंत पंचमी के पावन पर्व पर रतलाम स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया। पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी के नेतृत्व में महलवाड़ा क्षेत्र से प्रातः रैली निकाली गई।

रैली का जनहित युवा मंच, सराफा व्यापारी एसोसिएशन, सनातन सोशल ग्रुप, जवहार व्यायामशाला, घास बाजार युवा मंच, वीएम मार्केट मंच, अरिहंत नवयुवक मंडल, कन्हैयालाल डंगवाल मित्र मंडल, वाल्मीकि समाज रतलाम, आदि संगठन द्वारा स्वागत किया गया। रैली विभिन्न मार्गों से होती हुई नगर निगम तिराहा पहुंची, जहां महाराज रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिठाई वितरित की गई। इस दौरान पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी ने संबोधित करते हुए कहा कि रतलाम शहर की स्थापना के 370 वर्ष पूर्ण हुई थी जब से ही हमारा नगर सुंदर रहा है, हम सबका यह दायित्व है कि हम रतलाम को स्वच्छ सुंदर एवं विकसित नगर बनाने के लिए सदैव तैयार रहें। समिति के महेन्द्र कोठारी, बजरंग पुरोहित, अशोक चौटाला, ललित कोठारी, महेन्द्र गादिया, पवन सोमानी, दिनेश पोरवाल, राजेन्द्र राठौर, सुरेन्द्र जोशी मुन्ना, अशोक जैन लाला, मोहन मुरलीवाला, गोपाल सोलंकी, प्रभु नेका, दिलीप गांधी, राजेन्द्र मौर्य, राजेश मुणत, बद्रीलाल परिहार, राकेश पिपाड़ा, मधु शिरोड़कर, धर्मेन्द्र अग्रवाल, संजय आंचलिया, पकंज ओझा, प्रभात सुराना, तपन शर्मा, रामबाबू शर्मा, कमल जैन, किशोर बिजरावत, उमाकांत उपाध्याय, आशा उपाध्याय, गोपाल सोनी, महेश सोलंकी, कन्हैयालाल डगवाल, संदीप यादव, डॉ. ईश्वर बोराना, महेन्द्र भरकुंदिया, गोपाल परमार , नीरज परमार, सुदीप पटेल, विनोद राठौर, राजेश पवन शर्मा, राजेश पांडे, पहलवान वैभव जाट मनीष शर्मा, यतेन्द्र भारद्वाज, विद्यार्थी परिषद के शुभम चौहान, कृष्णा डिंडोर, राजेश कटारीया, विप्लव जैन, इरशाद मंसूरी आदि नागरिकगण उपस्थित थे।

स्वदेश

छत्रीपोल बाजार, माणक चौक, घास बाजार, चौमुखीपुल, चांदनी चौक, बजाज खाना, गणेश देवरी, रानीजी का मंदिर, शहर सराय, गायत्री टाकीज रोड, सैलाना बस स्टैंड, जीपीओ बाल चिकित्सालय, लोकेंद्र टाकीज, शहर सराय, अंडा गली से कालेज रोड, नगर निगम चौराहा पहुंची। यहां महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जनहित युवा मंच, सराफा व्यापारी एसोसिएशन, सनातन सोशल ग्रुप, जवाहर व्यायामशाला, घास बाजार युवा मंच, डीएम मार्केट मंच, अरिहंत नवयुवक मंडल, कन्हैयालाल डंगवाल मित्र मंडल, वाल्मीकि समाज रतलाम आदि संगठन द्वारा रैली का स्वागत किया गया।



महाराजा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी। • नईदुनिया



फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। • नईदुनिया

रैली मार्ग पर तोप से फूलों की वर्षा की गई। समिति के महेंद्र कोठारी, बजरंग पुरोहित, अशोक चौटाला, ललित कोठारी, प्रदीप उपाध्याय, महेंद्र गादिया, पवन सोमानी, दिनेश पोरवाल, राजेंद्र राठौर, सुरेंद्र जोशी मुन्ना, अशोक जैन लाला, मोहन मुरलीवाला, गोपाल सोलंकी, मनीष शर्मा, चतेंद्र भारद्वाज, शुभम चौहान, जयेश राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

**सीवरेज कड़वी गोली पर इसे लेना होगी**

रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा सुबह नगर निगम तिराहे पर महाराजा रतनसिंह, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर रतलाम स्थापना से आज तक पर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। शहर विधायक के तहत निर्मित फ्लैट दिए जाने के लिए हम कटिबद्ध है। झुग्गीवासियों को फ्लैट मिलने के बाद रतलाम नगर झुग्गी मुक्त होगा। रतलाम को पुनः मालवा का प्रमुख व्यापारिक व औद्योगिक केंद्र बनाने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है नगर में उद्योग लगने से युवाओं को अपने ही नगर में ही रोजगार उपलब्ध होगा व व्यापार बढ़ेगा। सीवरेज एक कड़वी गोली है, पर हमें इसे लेना होगी, क्योंकि आज हम थोड़ी-सी तकलीफ सह लेंगे तो आने वाले वर्षों में गंदे पानी की समस्या से मुक्त होने के साथ ही बीमारी व मच्छरों से भी मुक्त होंगे। काश्यप का स्वागत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, रतलाम स्थापना महोत्सव समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, संयोजक मुन्नालाल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैयालाल मौर्य, समाजसेवी अनोखीलाल कटारिया, प्रेम उपाध्याय, मंगल लोढ़ा, भगतसिंह भदौरिया, प्रहलाद पटेल, मोहनलाल धभाई, अशोक यादव, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, नीलेश गांधी, मयूर पुरोहित आदि ने किया। इस दौरान नगर निगम व रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा संयुक्त रूप से आतिशबाजी कर मिठाई वितरण किया गया। संचालन गोपाल शर्मा ने किया। आभार निगम आयुक्त झारिया ने माना।

**'मेरा रतलाम प्रगति के पथ पर' परिचर्चा आज**

समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा, संयोजक मुन्नालाल शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन 17 फरवरी को दोपहर तीन बजे जेएमडी पैलेस पर 'मेरा रतलाम प्रगति के पथ पर' संगोष्ठी (परिचर्चा) का आयोजन होगा। इसमें मुख्य वक्ता रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप होंगे। वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी व वरिष्ठ शिक्षाविद् डा. मुरलीधर चांदनीवाला होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट एसएल जपलोद करेंगे।

## शहर के स्थापना दिवस व वसंत पंचमी पर हुए कई आयोजन

# अगले पांच वर्ष में बदला हुआ होगा रतलाम








पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर को लेकर अनेक कल्पनाएं व अपनी सोच अनुसार विकास पूर्व के महाराजाओं ने किया है। आजादी के बाद से अब तक जो भी हुआ, लेकिन अब रतलाम बदल रहा है। अगले पांच साल को लेकर शहर किस तरह का हो, क्या हमारी जरुरत है व युवाओं की क्या सोच है, इसको लेकर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के सामने योजना को बताया गया है। उस पर तेजी से काम चल रहा है। अगले पांच साल बाद रतलाम की दशा व दिशा बदली हुई नजर आएगी। इसकी वजह यह है कि शहर झुग्गी मुक्त होगा।

यह बात शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम स्थापना महोत्सव समिति व नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही। मंगलवार को वसंत पंचमी के अवसर पर शहर की स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि नगर के प्रत्येक झुग्गीवासी व आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लेट दिये जाने के लिये हम कटिबद्ध है तथा इस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। झुग्गीवासियों को फ्लेट मिलने के बाद रतलाम नगर झुग्गी मुक्त होगा। नगर को पुनः मालवा का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र बनाने के लिये तेजी कार्य किया जा रहा है जिससे नगर में उद्योग व व्यापार की अवधारणाएँ बन रही हैं।

### प्रदर्शनी की शुरुआत

रतलाम कल आज व कल की प्रदर्शनी की शुरुआत भी शहर विधायक काश्यप, भाजपा के वरिष्ठ नेता कन्हैयालाल मौर्य, आयोजन समिति संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा, गोपाल शर्मा आदि की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान माही धुपिया, वैदिका सोलंकी व तृप्ती पंवार ने आकर्षक नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। शहर विधायक काश्यप, अनोखीलाल कटारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, मयूर पुरोहित, नीलेश गांधी, भगतसिंह भदोरिया, प्रेम उपाध्याय, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दशरथ पाटीदार आदि ने महाराज रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### कांग्रेस ने मनाया उत्सव

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के नेतृत्व में वसंत पंचमी पर्व पर शहर की स्थापना का उत्सव मनाया गया। रतलाम कांग्रेस कार्यकर्ता नगर निगम स्थित गांधी उद्यान पर एकत्रित होकर रतलाम का वैभव अमर रहे नारों के साथ रैली के रूप में नगर निगम चौराहे पर पहुंचे और महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि रतलाम की स्थापना 1654 बसंत पंचमी शनिवार को महाराजा रतनसिंह ने की थी। इस अवसर पर सभी शहर के बहुमुखी विकास का संकल्प ले। कांग्रेस सेवादल दल प्रदेश महासचिव रजनीकांत व्यास, बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कचवाय, प्रेमलता दवे, शैलेंद्र सिंह अठाना, महीप मिश्रा, राजीव रावत, हितेश पेमाल, अशरफ बेलिम, संगीता कांकरिया, निशा एडना, दीप्ति विक्षित आदि उपस्थित रहे।

### सरस्वती पूजन

शहर के विनोबा नगर में शहर विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में सरस्वती पूजन कार्यक्रम हुआ। नवयुवक सरस्वती समिति बिहारी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहर विधायक काश्यप के अलावा मंच पर पूर्व पार्षद देवशंकर पांडे, राजीव रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित आदि उपस्थित थे। विधायक काश्यप का सम्मान किया गया।

### मंदिर की स्थापना हुई

बजरंग नगर में शिवशक्ति सहित अन्य देवी देवताओं की स्थापना का आयोजन हुआ। भारती यादव ने बताया कि शिव परिवार एवं पंचमुखी हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अत्यंत हर्ष के साथ मनाया गया। भगवान शिव, माता पार्वती, गणेशजी, कार्तिकेय, नंदीगण के साथ पंचवारी गंगा मईया शीतलामाता, पंचमुखी हनुमान की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा कर स्थापना की गयी। सुबह 8 बजे से 10 बजे तक चल समारोह भगवान सत्यनारायण मंदिर दिलीप नगर से बजरंग नगर तक निकला। हवन मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा, महाआरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया। रात में सुन्दरकाण्ड एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।

### चुनौतियां का करें सामना मिलेगी सफलता

ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा हर विद्यार्थियों को करना चाहिए। ज्ञान को आगे दूसरों तक बढ़ाना चाहिए। इससे ज्ञान में बढ़ोतरी ही होती है। विद्यार्थी जीवन में कई चुनौतियां मिलती है, उन का सामना डट कर करना चाहिए। मां लक्ष्मी तो फिर भी एक बार आसानी से मिल सकती हैं। यह विचार शिक्षाविद डॉ. डीएन पचौरी ने व्यक्त किए। डॉ. पचौरी प्रांजल इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित बसंत पंचमी उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। मुख्य अतिथि डॉ. पचौरी के साथ संस्था निदेशक डॉ. हिमांशु जोशी, संस्था के पवन शर्मा, पत्रकार हेमंत भट्ट, हर्ष दसोत्तर, प्राचार्य अर्चना जोशी, लक्ष्मी कुंवर देवड़ा, दीपशिखा, क्षितिज देवड़ा, दीपिका जोशी, देवीलाल, मुकेश कुमावत आदि मौजूद रहे। प्रसारण

**रतलाम का स्थापना दिवस** • 'रतलाम कल आज और कल' प्रदर्शनी का शुभारंभ किया

# अब जल्द ही मालवा का प्रमुख व्यापारिक औद्योगिक केंद्र बनेगा रतलाम : काश्यप

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नमकीन क्लस्टर के बाद इंडस्ट्रियल पार्क और विशेष निवेश क्षेत्र की बदौलत नगर जल्द ही मालवा का प्रमुख व्यापारिक व औद्योगिक केंद्र बन जाएगा। इसके लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। उद्योग लगने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। आर्थिक गतिविधियां बढ़ने से जीवन स्तर भी ऊंचा उठेगा।

यह बात विधायक चैतन्य काश्यप ने नगर निगम व रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के नगर निगम तिराहे पर हुए कार्यक्रम में कही। प्रारंभ में विधायक काश्यप ने मां सरस्वती के चित्र और रतनसिंह जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद नगर निगम परिसर में लगाई गई 'रतलाम कल आज और कल' प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। रतलाम स्थापना महोत्सव समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कन्हैयालाल मौर्य, अनोखीलाल कटारिया, मुन्नालाल शर्मा, मंगल लोढ़ा, भगतसिंह भदौरिया, प्रहलाद पटेल, आदित्य डागा, नीलेश गांधी, मयूर पुरोहित, दिनेश सोलंकी, राधावल्लभ खंडेलवाल, सीमा अग्रवाल, महेंद्र मूणत, ललित दख, राकेश टांक, दशरथ पाटीदार, अनिल कटारिया, राकेश नाहर, सुरेशचंद्र चावड़ा, महेंद्रसिंह राठौर, राजेंद्रसिंह चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

## रतनसिंह जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर मिठाई बांटी





रतन सिंह जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए विधायक और रतलाम स्थापना महोत्सव समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी।

### जय जय रतलाम जय रतलाम...घोष के साथ निकली वाहन रैली

रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति ने जय जय रतलाम जय... घोष व केसरिया झंडों के साथ साथ वाहन रैली निकाली। वाहन रैली महलवाड़ा से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नगर निगम तिराहा पर पहुंची। जहां रतनसिंह जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर मिठाई बांटी गई। रैली का जगह-जगह विभिन्न संगठनों, समाजजनों द्वारा स्वागत किया गया। रैली पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी के नेतृत्व में निकाली गई। इसमें समिति के महेंद्र कोठारी, बजरंग पुरोहित, अशोक चौटाला, ललित कोठारी, महेंद्र गादिया, पवन सोमानी, दिनेश पोरवाल, राजेंद्र राठौर, सुरेंद्र जोशी, अशोक जैन लाला, मोहन मुरलीवाला, जयेश राठौर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

भास्कर

**कांग्रेस ने किया माल्यार्पण :** कांग्रेसजनों ने नगर निगम तिराहा पर रतनसिंह जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र कटारिया, सेवादल दल प्रदेश महासचिव रजनीकांत व्यास, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरूद्दीन कछवाय, प्रेमलता दवे, शैलेंद्रसिंह अठाना, महीप मिश्रा, हितेश पेमाल सहित अन्य मौजूद रहे।

**श्री राजपूत नवयुवक मंडल ने किया माल्यार्पण :** रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह जी की मूर्ति पर श्री राजपूत नवयुवक मंडल ने माल्यार्पण कर जय-जय रतलाम के जयकारे लगाए। राजेंद्र सिंह गोयल, शैलेंद्रसिंह देवड़ा, सुरेश सिंह चावड़ा, महेंद्रसिंह राठौर सहित समाजजन मौजूद थे।

## शहर के स्थापना दिवस व वसंत पंचमी पर हुए कई आयो

# अगले पांच वर्ष में बद



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर को लेकर अनेक कल्पनाएं व अपनी सोच अनुसार विकास पूर्व के महाराजाओं ने किया है। आजादी के बाद से अब तक जो भी हुआ, लेकिन अब रतलाम बदल रहा है। अगले पांच साल को लेकर शहर किस तरह का हो, क्या हमारी जरुरत है व युवाओं की क्या सोच है, इसको लेकर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के सामने योजना को बताया गया है। उस पर तेजी से काम चल रहा है। अगले पांच साल बाद रतलाम की दशा व दिशा बदली हुई नजर आएगी। इसकी वजह यह है कि शहर झुग्गी मुक्त होगा।


यह बात शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम स्थापना महोत्सव समिति व नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही। मंगलवार को वसंत पंचमी के अवसर पर शहर की स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि नगर के प्रत्येक झुग्गीवासी व आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लेट दिये जाने के लिये हम कटिबद्ध है तथा इस पर तैजी से कार्य किया जा रहा है। झुग्गीवासियों को फ्लेट मिलने के बाद रतलाम नगर झुग्गी मुक्त होगा। नगर को पुनः मालवा का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र बनाने के लिये तेजी कार्य किया जा रहा है जिससे नगर में उद्योग व व्यापार की अवधारणाऐं बन रही हैं।

### प्रदर्शनी की शुरुआत

रतलाम कल आज व कल की प्रदर्शनी की शुरुआत भी शहर विधायक काश्यप, भाजपा के वरिष्ठ नेता कन्हैयालाल मौर्य, आयोजन समिति संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा, गोपाल शर्मा आदि की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान माही धुपिया, वैदिका सोलंकी व तृप्ती पंवार ने आकर्षक नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। शहर विधायक काश्यप, अनोखीलाल कटारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, मयूर पुरोहित नीलेश गांधी, भगतसिंह भदोरिया प्रेम उपाध्याय, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दशरथ पाटीदार आदि महाराज रतनसिंह की प्रतिमा प माल्यार्पण किया।

### कांग्रेस ने मनाया उत्सव

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिय शहर की स्थापना का उत्सव मनाया नगर निगम स्थित गांधी उद्यान पर अमर रहे नारों के साथ रैली के रू महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर म कटारिया ने बताया कि रतलाम की को महाराजा रतनसिंह ने की थी। विकास का संकल्प ले। कांग्रेस से रजनीकांत व्यास, बसंत पंड्या, क सिंह अठाना, महीप मिश्रा, राजीव संगीता कांकरिया, निशा एडना, दी



### यादव (अहिर) समाज ने वि विधायक काश्यप का सम्म



रतलाम. शहर में 1800 हेक्टे. क्षेत्र में 1800 करोड़ की दूसरे निवेश क्षेत्र एवं अन्य योजनाएं स्वीकृत कराने पर या ने विधायक चेतन्य काश्यप का सम्मान किया। श्रवण य अशोक यादव, मोहनलाल, रामबाबू यादव, राजेंद्र याद मुकेश यादव, प्रदीप यादव, कपिल यादव, राधाकृष्ण याद

### सशिमं पर हुआ विद्यारंभ संस्कार

जावरा. सरस्वती शिशु मंदिर जावरा में आज विद्या की दे

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–अवन्तिका–पृष्ठ 06 दिनांक 17/02/2021

रतलाम स्थापना महोत्सव

# बसंत पंचमी पर हिम्मत कोठारी के नेतृत्व में निकली विशाल वाहन रैली





**दैनिक अवंतिका** ● रतलाम

रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति के तत्वावधान में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर जय रतलाम रैली के साथ धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर पूर्व ग्रहमंत्री हिम्मत कोठारी ने संबोधित करते हुए कहा कि रतलाम शहर की स्थापना के 370 वर्ष पूर्ण हुई थी जब से ही हमारा नगर सुंदर रहा है। हमारा सबका यह दायित्व है कि हम रतलाम को स्वच्छ सुंदर एवं विकसित नगर बनाने के लिए रतलाम वासी सदैव तैयार रहते एवं रहेंगे।

विशाल वाहन रैली पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी के नेतृत्व में प्रातः महालवाड़ा से शुरू होकर रैली रतलाम नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली । रैली का स्वागत रतलाम नगर की अनेक सामाजिक सस्थाओं द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया । रतलाम के पूर्व महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर मिठाई का वितरण किया गया। रैली का जनहित युवा मंच, सराफा व्यापारि एशोसिएशन, सनातन सोशल ग्रुप, जवाहर व्यायामशाला, घास बाजार, युवा मंच, बी एम मार्केट मंच, अरिहंत नवयुवक मंडल, कन्हैयालाल डंगवाल मित्र मंडल, वाल्मीकि समाज रतलाम आदि संगठन द्वारा स्वागत किया गया। रैली मार्ग पर तोप से फुलों की वर्षा की गई। जय रतलाम रैली में युवा जय रतलाम गीत पर झुमते गाते एवं जय रतलाम की टोपीयों लगाकर जय रतलाम लिखे केसरिया झण्डो एवं आतिशबाजी के साथ रैली निकाली गई ।

रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति के महेन्द्र कोठारी, बजरंग पुरोहित,अशोक चौटाला, ललित कोठारी, महेन्द्र गादिया, पवन सोमानी, दिनेश पोरवाल, राजेन्द्र राठौर, सुरेन्द्र जोशी मुन्ना, अशोक जैन लाला, मोहन मुरलीवाला, गोपाल सोलंकी, प्रभु नेका, दिलीप गांधी, राजेन्द्र मोर्य, राजेश मुणत, बद्रीलाल परिहार, राकेश पिपाड़ा, मधु शिरोड़कर, धर्मेन्द्र अग्रवाल, संजय आचलियाँ, पंकज ओझा, प्रभात सुराना, तपन शर्मा, रामबाबु शर्मा, कमल जैन, किशोर बिजरावत, उमाकांत उपाध्याय, आशा उपाध्याय, गोपाल सोनी, महेश सोलंकी, कन्हैयालाल डगवाल, संदीप यादव, डॉ ईश्वर बोराना, महेन्द्र भरकुन्दिया, गोपाल परमार , निरज परमार, सुदीप पटेल, विनोद राठौर, राजेश पवन शर्मा, राजेश पाण्डे, पहलवान वैभव जाट मनीष शर्मा, यतेन्द्र भारद्वाज, विद्यार्थी परिषद के शुभम चौहान, कृष्णा डिंडोर, राजेश कटारीया , विप्लव जैन, इरशाद मंसुरी, ईश्वर पांचाल, अरुण चौरडीयाँ, गोपाल राठी, नवदीप शर्मा, दीपेश ओझा, नरेंद्र सिंह, विजय पासा, तोलीराम शर्मा, नरेन्द्र कावडिया, कमलेश टॉक, देवेन्द्र टटावत, मनीष वैद्य, राजेश पांचाल, महेश्वानसिंग, सुन्दर वर्मा, अन्नु चनाल, मनोज यादव, महेश माहेश्वरी, श्रेणीक जैन, कनीष्क कुमावत, रंजीत राठौर, अशोक चौहान, आशुतोष चौहान, चेतन पावेचा, शैलेन्द्र चौहान आदि उपस्थित थे।

## महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

श्री राजपूत नवयुवक मण्डल द्वारा नगर पालिक निगम तिराहे पर रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा पर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में माल्या अर्पण जय जय रतलाम के जय कारे लगाते हुवे किया गया इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह गोयल, शैलेन्द्र सिंह देवड़ा, सुरेश सिंह चावड़ा, महेंद्र सिंह राठौर, मनोहर सिंह चौहान, महेन्द्र सिंह सिसोदिया, देवेंद्र सिंह राठौर, राजेन्द्र सिंह पंवार, विजय सिंह चौहान, शम्भु सिह सिसोदिया, दिनेश सिंह वाघेला, राम सिह देवड़ा, भारत सिह सोलंकी, डाडम सिह राठौड़, चरण सिंह जाधव, सहित समाज जन उपस्थित थे। अवन्तिका

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–––पृष्ठ 03...दिनांक 17/02/2021

# गंदगी पाए जाने पर 3 वार्ड दरोगा व 1 ड्रायवर को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाए जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पोलो ग्राउण्ड क्षेत्र में गंदगी पाए जाने पर वार्ड दरोगा अमर चौहान, ऊंकाला रोड क्षेत्र में गंदगी पाए जाने पर वार्ड दरोगा राकेश लट्टू, महू रोड बस स्टैण्ड क्षेत्र में गंदगी पाए जाने पर विजय भाटी व वसीम का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है, वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें। यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है, तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। प्रसारण

# दो ड्रायवरों को कारण बताओ सूचना-पत्र

रतलाम। नगर निगम द्वारा निगम के कचरा संग्रहण वाहन तय रूट पर नहीं ले जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 2 ड्रायवरों का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का सूचना-पत्र जारी किया गया।

वार्ड क्रमांक 3 व 5 के कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर रणवीर व राकेश द्वारा तय रूट पर वाहन नहीं ले जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ज्ञातव्य है कि नगर निगम कचरा संग्रहण वाहनों पर जी पी एस सिस्टम से निगरानी रखी जाकर समय पर व तय रूट पर वाहन नहीं ले जाने पर ड्रायवर व क्लीनरों को दण्डित किया जा रहा है। प्रसारण

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण––पृष्ठ 02...दिनांक...17/02/...2021

# कचरा पात्र नहीं रखने पर अब फुटकर विक्रेताओं पर भी होगा जुर्माना

प्रसारण न्यूज • रतलाम

*नगर को साफ-स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों आदि से कचरा संग्रहण हेतु कचरा पात्र रखने की अपील के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं. किन्तु नगर के सब्जी, फल-फ्रुट सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नहीं रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है ऐसे फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।*

## कान्वेंट स्कूल क्षेत्र में 21 फुटकर व्यापारियों पर हुआ जुर्माना

निगम- आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कानवेंट स्कूल क्षेत्र के फुटकर व्यापारी द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत प्रकाश पर 100, अफजल, भूपेन्द्र कुमार, सुशील भरानी, राहूल सिसोदिया, वसीम खान, सद्दाम शेख, मोहम्मद अरशद, कलीम, छोटू, मुकेश, अमित कुमार, सुनील, संतोश, शंभु, संजु, आलोक चौधरी, बबलु, शिवम, नरेश व मुबे । पर 50-50 रुपये का जुर्माना कर भविष्य में कचरा खुले में ना फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाईश दी गई।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एम.के. जैन, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## नीमचौक क्षेत्र में 13 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ रखने के लिए नगर निगम द्वारा नागरिकों, दुकानदारों आदि से कचरा संग्रहण हेतु कचरा पात्र रखने की अपील के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं, लेकिन सब्जी, फल सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नहीं रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है। नीमचौक क्षेत्र के दुकानदार व फुटकर व्यापारियों द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्रवाई की गई। मुकेश कुमार, श्री स्टील पर 500-500, राजेंद्र पांचाल पर 300, धापूबाई, कौशल्याबाई, दुर्गा, दिनेश, गोवर्धन, संदीप, पवन, हेमराज, ओमप्रकाश व चंचल पर 50-50 रुपये का जुर्माना कर भविष्य में कचरा खुले में नहीं फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाइश दी गई। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय आदि द्वारा की गई।

# सड़क पर फैल रही गंदगी नगर निगम नहीं दे रहा ध्यान



लोकेंद्र भवन रोड पर गटर का पानी सड़क पर आने से परेशान होते वाहन चालक।

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। आबकारी रोड के समीप मिशन कम्पाउंड वाली नाली आए दिन कचरा जमा होने से जाम हो जाती है। गंदा पानी आबकारी रोड तक पहुंच जाता है। इससे राहगीर, दुकानदार परेशान होते हैं। इसी प्रकार लोकेंद्र भवन रोड पर भी बैंक कॉलोनी की भी नाली हर दिन जाम होती है। समाजसेवी मांगीलाल जैन ने बताया कि नगर निगम को सूचना देने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जाता है। नागरिकों को स्वयं सफाई कराना पड़ती है।

# 4 स्थानों पर निगम अफसरों व कर्मियों को आज लगेगा टीका

## सुबह 8:30 बजे से वैक्सीनेशन की शुरुआत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

वैक्सीनेशन में छूटे निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को टीका लगाने के लिए 17 फरवरी को विशेष व्यवस्था की गई है।

बुधवार को डॉ. आंबेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउंड, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, जवाहर नगर कम्यूनिटी हॉल और सुभाष नगर कम्यूनिटी हॉल में सुबह 8:30 बजे से टीका लगाने की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर वैक्सीनेशन को लेकर जानकारी दी। आयुक्त ने कहा विभाग प्रमुख, जोन प्रभारी व दरोगाओं से कहा कि निगम कर्मचारियों को सरकार ने फ्रंट लाइन वर्कर्स की श्रेणी में लिया है। इसलिए सभी अनिवार्य रूप से टीका लगवाएं। कर्मचारी आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस के साथ टीका लगवाएं। उपायुक्त विकास सोलंकी, निशिकांत शुक्ला, ज्योति सुनारिया, सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन, उद्यान प्रभारी अरविंद दशोत्तर, उपयंत्री सुहास पंडित, सिद्धार्थ सोनी, कार्यालय अधीक्षक रामचंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण––––पृष्ठ 01 दिनांक 17/02/2021

# स्वच्छता में सहयोग देना हर नागरिक का कर्त्तव्य

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

*अगर हम इस बात का ध्यान रखें कि हमारे घरों से ही कम से कम कचरा निकले तो काफी हद तक स्वच्छता बनाए रखने में हम योगदान दे सकते हैं, इसके लिए प्लास्टिक आदि में पैक चीजों का कम से कम इस्तेमाल किया जा सकता है। उक्त समझाईश सोमवार को नगर के आधा दर्जन क्षेत्रों में सफाई मित्र समूह के सदस्यों ने रांगोली निर्माण और दीपदान के दौरान उपस्थित नागरिकों को दी है।*

इस दौरान उन्होंने कहा कि हर घर में ज्यादातर प्लास्टिक में पैक चीजों का इस्तेमाल होता है। पैकिंग में रखी गई चीज का तो उपयोग कर लेते हैं, लेकिन पैकिंग मेटेरियल को कचरे में फेंक देते हैं, जिससे कचरा ज्यादा निकलता है। अगर हम बाजार से घर का सामान लाते समय कपड़े या जूट का थैला इस्तेमाल करेंगे, तो पॉलीथिन कम से कम हमारे घर में आएगी और हमारे घर में कचरा कम जमा होगा। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की सलाह दी और कहा कि स्वच्छता में सहयोग देना हर नागरिक का कर्त्तव्य है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से

## स्वच्छता सर्वेक्षण – 2021 के तहत शहर के कचरामुक्त स्थलों पर रांगोली निर्माण और जागरुकता कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने लिया रतलाम को स्वच्छता में नम्बर–1 बनाने का संकल्प

सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डालें। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान सोमवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। प्रसारण